आपकी खबरों का संसार...
# अतुल्य संसार
RNI No.-RJHIN/2015/63826
संस्करणः जयपुर
हिन्दी समाचार पत्र...
web: www.atulyasansar.com
Digital Edition
www.liveworldnews.in
वर्षः 11 | अंकः 22 | जयपुर, बुधवार 05 अगस्त, 2026 | मूल्यः 2 रुपए | पृष्ठः 4


बच्चों ने किया.... पेज 2


सरकार ने मेटा... पेज 3

# हाईवे के दोनों तरफ 40 मीटर में अब निर्माण नहीं

## रेवेन्यू डिपार्टमेंट ने लैंड कन्वर्जन पर लगाई रोक; सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नोटिफिकेशन जारी

**जयपुर।** राजस्थान में नेशनल हाईवे पर अब 40 मीटर तक के एरिया में किसी भी निर्माण की अनुमति नहीं मिलेगी। रेवेन्यू डिपार्टमेंट ने सभी कलेक्टर को आदेश जारी करके अगले आदेशों तक ऐसे मामलों में जमीनों के कन्वर्जन पर रोक लगा दी। दरअसल कुछ महीने पहले फलोदी स्थित नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हुआ था। इसके बाद राजस्थान हाईकोर्ट ने फरवरी 2026 को प्रदेश के सभी नेशनल हाईवे से नियमों के तहत 75 मीटर तक (हाईवे के मिड पॉइंट से) दूरी में बने सभी होटल, ढाबों का संचालन बंद करने और अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए थे। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2026 में आदेश देते हुए 40 मीटर तक आवासीय और 75 मीटर तक कॉमर्शियल एक्टिविटी बंद करके नो-कंस्ट्रक्शन जोन बनाने के लिए कहा था। इसी आदेशों की पालना में रेवेन्यू डिपार्टमेंट ने हाल ही एक नोटिफिकेशन जारी करके नेशनल हाईवे के मिड पॉइंट से 40 मीटर की दूरी तक आ रही सभी जमीनों के लैंड यूज कन्वर्जन करने पर रोक लगा दी है।

### 75 मीटर तक कॉमर्शियल एक्टिविटी पर रोक

रेवेन्यू डिपार्टमेंट ने 40 मीटर तक आवासीय और 75 मीटर तक कॉमर्शियल उपयोग के लिए जमीन के लैंड यूज पर रोक लगाई है। 40 मीटर के बाद केवल आवासीय निर्माण की अनुमति दी जा सकेगी। वहीं हाईवे के मिड पॉइंट से 75 मीटर तक कोई भी ढाबा, दुकान, रेस्स्टोरेंट, होटल, मोटल का संचालन नहीं होगा

### हाईवे किनारे अवैध ढाबों और व्यवसायों पर सबसे बड़ी कार्रवाई

न्यायालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग के राइट ऑफ वे (**ROW**) के भीतर किसी भी नए ढाबे, होटल या वाणिज्यिक निर्माण पर तत्काल रोक लगा दी है। सभी जिला मजिस्ट्रेटों को 60 दिन के भीतर मौजूदा अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। बिना **NHAI** की अनुमति कोई लाइसेंस, एनओसी या व्यापारिक स्वीकृति नहीं दी जा सकेगी।




### भू-उपयोग बदलने पर भी सख्ती

राज्य सरकारों को आदेश दिया गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के मध्य से 40 मीटर तक आवासीय और 75 मीटर तक वाणिज्यिक भूमि उपयोग परिवर्तन पर प्रतिबंध लगाने की अधिसूचना जारी करें। इसका उद्देश्य भविष्य में सड़क किनारे अनियंत्रित व्यावसायिक विकास को रोकना है।

### हर जिले में हाईवे सुरक्षा टास्क फोर्स

देश के प्रत्येक ऐसे जिले में, जहां से राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरता है, 15 दिन के भीतर जिला राजमार्ग सुरक्षा टास्क फोर्स गठित होगी। इसमें प्रशासन, पुलिस, **NHAI**, पीडब्ल्यूडी और स्थानीय निकायों के अधिकारी शामिल होंगे। हर 15 दिन में समीक्षा बैठक अनिवार्य होगी।

### हर 75 किलोमीटर पर जीवनरक्षक व्यवस्था

अदालत ने माना कि दुर्घटना के बाद शुरुआती गोल्डन ऑवर में चिकित्सा सहायता नहीं मिलने से बड़ी संख्या में मौतें होती हैं। इसलिए प्रत्येक 75 किलोमीटर के भीतर बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस, रिकवरी क्रेन और प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए हैं।

### ट्रक चालकों को मिलेगा सुरक्षित विश्राम स्थल

देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर चरणबद्ध तरीके से ट्रक ले-बाय विकसित किए जाएंगे। इनमें सुरक्षित पार्किंग, विश्राम स्थल, भोजन, शौचालय, प्राथमिक उपचार और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था होगी।

### ब्लैक स्पॉट छिपेंगे नहीं, सार्वजनिक होंगे

**NHAI** को 45 दिन में सभी दुर्घटना ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सार्वजनिक सूची जारी करनी होगी। इन स्थानों पर हाई-मास्ट एलईडी, स्पीड कैमरे, चेतावनी संकेत और विशेष रोड मार्किंग अनिवार्य की गई है।

### ड्रोन से निगरानी, जनता की शिकायत का अधिकार

राष्ट्रीय राजमार्गों की साल में कम से कम दो बार ड्रोन से निगरानी होगी। नागरिक 1033 हेल्पलाइन और राजमार्गयात्रा शिकायत पोर्टल पर जियो-टैग फोटो अपलोड कर अतिक्रमण या अवैध गतिविधियों की शिकायत कर सकेंगे। शिकायतों की ट्रैकिंग और अपील की व्यवस्था भी होगी। अपने आदेश में अदालत ने कहा कि जीवन का अधिकार केवल मृत्यु से सुरक्षा का अधिकार नहीं है, बल्कि राज्य का यह सकारात्मक दायित्व भी है कि वह नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराए।

# राजस्थान में जमीन और घर खरीदना हुआ महंगा

### 4 महीने में दूसरी बार बढ़ी डीएलसी रेट; जयपुर के बापू बाजार में सबसे महंगी जमीन



**जयपुर।** राजस्थान में जमीन और मकान खरीदना महंगा हो गया है। सरकार ने सोमवार से पूरे राज्य में डीएलसी रेट बढ़ा दी हैं। इससे जमीनों की रजिस्ट्री महंगी हो जाएगी। साथ ही बाजार कीमत भी बढ़ेगी। डीएलसी रेट 5 से 49 फीसदी तक बढ़ाई गई हैं। प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में 5 से 20 फीसदी तक दरें बढ़ाई गई हैं। वहीं, कुछ एरिया में डीएलसी रेट बहुत कम थीं, लेकिन ओपन मार्केट में जमीनों की दरें कई गुना ज्यादा थीं। वहां डीएलसी रेट में 30 से 49 फीसदी तक का इजाफा किया है। दरअसल, मई में सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों से जमीनों की नई डीएलसी रेट के प्रस्ताव मांगे थे। जून के आखिरी सप्ताह तक वित्त विभाग ने प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया। अब सरकार ने इन्हें 3 अगस्त से लागू कर दिया। इससे पहले एक अप्रैल 2026 को डीएलसी रेट में 10% की बढ़ोतरी की थी।

# महिपाल मकराना बोले- मांगें नहीं मानी तो सीएम हाउस घेरेंगे

## प्रदर्शन में घायल कार्यकर्ता की मौत के बाद परिवार के लिए 1 करोड़ रुपए और सरकारी नौकरी मांगी

**जयपुर।** श्री राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने मंगलवार को यूजीसी रोल बैक की मांग को लेकर जयपुर में हुए आंदोलन के दौरान पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया- संगठन शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहा था। लेकिन प्रशासन ने तय सहमति के बावजूद एक किलोमीटर आगे बढ़ते ही प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन और लाठीचार्ज कर दिया। मकराना ने पुलिस प्रशासन, राज्य सरकार और विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए कई मांगें रखीं। साथ ही 7 दिन में मांगें नहीं मानने पर सीएम हाउस का घेराव करने की चेतावनी दी। महिपाल सिंह मकराना ने बताया- करणी सेना ने 24 दिनों में 50 से 60 कस्बों से होकर करीब 800 किलोमीटर की पदयात्रा की। गांव-गांव जाकर यूजीसी के मुद्दे पर लोगों को जागरूक किया। जयपुर पहुंचने से पहले कई दिनों से प्रशासन के साथ लगातार बातचीत चल रही थी। प्रशासन शहर के बाहर ही ज्ञापन लेने की बात कह रहा था, लेकिन संगठन ने कलेक्टर को ही ज्ञापन सौंपने की मांग रखी थी। मकराना ने आरोप लगाया- प्रशासन ने हमें पानीपेच चौराहे तक जाने की अनुमति दी थी, लेकिन कालवाड़ पुलिया के नीचे पहुंचते ही बिना किसी चेतावनी के प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन चला दिया गया। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों पर भी लाठियां बरसाई गईं। आंदोलन पूरी तरह गांधीवादी तरीके से किया जा रहा था। उनके मुताबिक प्रदर्शनकारी हाथों में गीता और संविधान लेकर चल रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि वाटर कैनन की चपेट में आने से देवराज



सिंह पलाड़ा घायल हुआ। घर पहुंचने के बाद उसने सीने में दर्द की शिकायत की। पहले घरवाले अंबे अस्पताल ले गए, वहां से एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। देवराज सिंह रावणा राजपूत समाज से थे। ओबीसी वर्ग से आते थे।

### पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपए और सरकारी नौकरी देने की मांग

मकराना ने कहा- संगठन की मांग है कि वाटर कैनन चलाने और कार्रवाई के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। एडिशनल एसपी बजरंग सिंह, डीवाईएसपी बी.एल. मीणा और एसएचओ गुरु भूपेंद्र को निलंबित करने की मांग की। साथ ही मृतक देवराज सिंह के परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा और एक सरकारी नौकरी देने की मांग भी रखी। उन्होंने चेतावनी दी कि सात दिन के अंदर सरकार वार्ता नहीं करती। जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होती तो करणी सेना सीएम हाउस का घेराव करेगी। राजस्थान बंद का आह्वान करेगी। नगर निगम चुनाव में भी संगठन घर-घर जाकर लोगों को इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी देगा। भाजपा के खिलाफ मतदान की अपील करेगा।

### सरकार औ विपक्ष दोनों पर सवाल उठाए

महिपाल सिंह मकराना ने सरकार के साथ-साथ विपक्ष पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि आंदोलन के दौरान न तो सत्ता पक्ष का कोई बड़ा नेता मिलने आया और न ही विपक्ष ने आवाज उठाई। मकराना ने कहा - बीजेपी का तो समझ में आता है। लेकिन इस रैली में कांग्रेस का भी कोई नेता प्रदर्शनकारियों से मिलने नहीं पहुंचा। मकराना ने यह भी कहा कि आंदोलन में केवल सवर्ण समाज ही नहीं, बल्कि ओबीसी वर्ग के लोग भी साथ थे। प्रशासन के कुछ अधिकारियों ने सरकार और मंत्रियों के सामने आंदोलनकारियों की गलत छवि पेश की, जिसके कारण शांतिपूर्ण पदयात्रा के साथ ऐसा व्यवहार किया गया। उन्होंने कहा कि करणी सेना की मांग तब तक जारी रहेगी, जब तक यूजीसी रोल बैक नहीं होता। सरकार वार्ता नहीं करती और पुलिस कार्रवाई के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की जाती।

### अन्य राज्यों में भी पैदल यात्राएं निकालेंगे

महिपाल सिंह मकराना ने कहा- यदि निर्धारित समय सीमा में सरकार इन मांगों को स्वीकार नहीं करती है तो आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार दिया जाएगा। इसके तहत राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, गुजरात, हिमाचल प्रदेश सहित अन्य राज्यों में एक साथ पैदल यात्राएं निकाली जाएंगी। इसके बाद दिल्ली का घेराव कर सरकार के समक्ष अपनी मांगों को मजबूती से रखा जाएगा।

# गहलोत बोले- भाजपा विधायक जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं

### विधायक रेवतराम डांगा पहले स्टिंग में पकड़े गए थे, लेकिन कोई जवाब नहीं आया



**जोधपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस के एकजुटता होने और निकाय एवं पंचायत चुनाव में जीत का दावा किया। जोधपुर में बोलते हुए कई मुद्दों पर राज्य सरकार को घेरा। उन्होंने सरकार के मंत्रियों और विधायकों पर कटाक्ष किया। गहलोत ने कहा- खींवसर (नागौर) विधायक रेवतराम डांगा पहले स्टिंग में पकड़े गए थे लेकिन कोई जवाब नहीं आया। डांगा ने 205 बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया। वहीं केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने सब्सिड़ी के 90 लाख रुपए उठा लिए। संसद में मुद्दा बनने पर वापस जमा करवाया। गहलोत ने कहा कि जमा कराने से क्राइम खत्म नहीं होता। उदयपुर के विधायकों पर भी आरोप है कि वे आदिवासी परिवारों को बंधक बनाकर जमीन कब्जा रहे हैं। गहलोत ने स्वास्थ्य सेवाओं, कानून-व्यवस्था,प्रशासनिक कार्यशैली,आदिवासी क्षेत्रों की स्थिति,अरावली संरक्षण,मानगढ़ धाम सहित कई विषयों पर अपनी बात रखी।

### कांग्रेस में कोई मतभेद नहीं

गहलोत ने आगामी पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव में जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एकजुट है और चुनाव में भारी बहुमत से जीतेगी। छोटे-मोटे मतभेद हर दल में होते हैं, लेकिन कांग्रेस में कोई बड़ा मतभेद नहीं है।

# हाईकोर्ट बोला-ट्रिब्यूनल चला नहीं सकते तो बंद कर दो

## सरकार 7 दिन में रेट में अध्यक्ष-सदस्य नियुक्त करे; इतने ट्रांसफर कर दिए, कर्मचारी कहां जाएंगे

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण (रेट) में अध्यक्ष और सदस्यों के खाली पदों को लेकर राज्य सरकार पर नाराजगी जताई। हाईकोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा- अगर ट्रिब्यूनल नहीं चला सकते हो तो इसको बंद कर दो। अदालत ने कहा कि आपने इतनी बड़ी तादाद में ट्रांसफर कर दिए, कर्मचारी अपनी शिकायत लेकर कहां जाएंगे। यह टिप्पणी जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने वकील दिलीप सिंह कुरका, संदीप कलवानिया सहित अन्य वकीलों की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए की। कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिए कि 7 दिन में रेट में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति करें। अगर नियुक्ति नहीं होती है तो 11 अगस्त को कार्मिक सचिव हाईकोर्ट में पेश हो जाएं।



### 4 महीने से चेयरमैन का पद खाली

रेट चेयरमैन के रूप में विकास सीताराम भले का 19 मार्च 2026 को ट्रांसफर होने के बाद से यह पद खाली चल रहा है। इसके अलावा रेट में चार सदस्यों के पद भी हैं। इसमें से दो पद लंबे समय से खाली चल रहे हैं। एक सदस्य के पद पर पूर्व **IAS** अधिकारी प्रकाश शर्मा को अध्यक्ष का कार्यभार दे रखा है। वहीं न्यायिक सदस्य पूनम दरगन बीमारी के कारण रेगुलर नहीं हैं।

### डोटासरा बोले- सरकार की नाकामी के कारण हाईकोर्ट को आदेश देना प?ा

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी मामले को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा- आखिर.. हाईकोर्ट को भाजपा सरकार की नाकामी के कारण राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण (रेट) में अध्यक्ष और सदस्यों की 7 दिन में नियुक्ति करने का आदेश देना ही पड़ा। ये आदेश बताता है कि भाजपा सरकार में लापरवाही और प्रशासनिक विफलता का आलम क्या है।

### आखिर कर्मचारी कहां न्याय मांगने जाएं

डोटासरा ने लिखा- यही सवाल हमने कुछ दिन पहले उठाया था.. आखिर न्याय की उम्मीद में बैठे कर्मचारी जाएं तो कहां जाएं? क्योंकि भाजपा सरकार पहले कर्मचारियों के मनमाने तबादले करती है, फिर जिस अधिकरण (ट्रिब्यूनल) में कर्मचारी न्याय मांगने जाएं, उसे बिना अध्यक्ष और सदस्यों के छोड़ देती है। आखिरकार भाजपा सरकार की मनमानी पर हाईकोर्ट को हस्तक्षेप करके आदेश देना पड़ा। क्योंकि न्याय में देरी, न्याय से वंचित करने के बराबर है।

# मोबाइल में सेव डेटा बन सकता साइबर ठगी का कारण

### पासवर्ड-बैंकिंग डिटेल-निजी डॉक्यूमेंट रखना पड़ सकता भारी; रोज होते 1.3 लाख से ज्यादा साइबर हमले

**जयपुर।** स्मार्टफोन में बैंकिंग, डिजिटल लॉकर और निजी डॉक्यूमेंट रखने से साइबर ठगों का शिकार बन सकते हैं। ऐसे में मोबाइल में संवेदनशील जानकारी सेव रखना खतरा पैदा कर सकता है। यह देखते हुए राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर जारी एडवाइजरी में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (साइबर क्राइम) वीके सिंह ने बताया- भारत में प्रतिदिन 1.3 लाख से अधिक साइबर हमले होते हैं। ऐसे में मोबाइल में सेव निजी जानकारी, बैंकिंग डिटेल और डॉक्यूमेंट साइबर ठगी, पहचान चोरी और आर्थिक नुकसान का कारण बन सकते हैं।

### बैंक ऑफ बड़ौदा में कस्टमर के डेटा लीक से लिया सबक

राजस्थान पुलिस ने हाल ही सामने आए बैंक ऑफ बड़ौदा में कस्टमर के डेटा लीक और डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों का हवाला दिया। वीके सिंह ने बताया- एक कर्मचारी के ईमेल से करीब 1 टीबी डेटा डार्क वेब पर लीक होने का मामला सामने आया था। यह घटना बताती है कि डिजिटल सुरक्षा में छोटी सी चूक भी गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है।

### साइबर ठगी होने पर तुरंत करें शिकायत

राजस्थान पुलिस ने कहा- यदि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या संदिग्ध गतिविधि का सामना हो तो तुरंत पास के पुलिस थाना या साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत करें। साथ ही नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल, हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा राजस्थान पुलिस के साइबर हेल्पडेस्क नंबर 9256001930 और 9257510100 पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

## मेरा आगे का उद्देश्य आई ई एस बनना है - चूड़ामणि निंबार्क




**दीपचंद शर्मा कुम्हेर।** कुम्हेर की बेटी चूड़ामणि निंबार्क का एक साथ दो राज्यों के पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड में चयन हुआ है, उनका चयन उत्तर प्रदेश पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड में असिस्टेंट इंजीनियर राजपत्रित पद पर हुआ है । राजस्थान पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड में एनवायरमेंट इंजीनियर पद मिला है । इस चूड़ामणि बेटी ने अपनी दसवीं की कक्षा में पूरी तहसील के अंदर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं 12 वीं क्लास में सर्वोच्च प्राप्त किया 2 वर्ष इन्होंने कोटा में आईआईटी की कोचिंग की उसके बाद चूड़ामणि ने एन आई टी रायपुर से बीटेक परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास की तथा m.tech आईआईटी धनबाद से सर्वोच्च अंकों में प्राप्त की आईआईटी के द्वारा ही इसका अमेरिका की कंपनी जब सॉल्यूशन में प्लेसमेंट हुआ उसके बाद जॉब करते हुए उन्होंने आई ई एस की ऑनलाइन कोचिंग जारी रखी taiyari se isane परीक्षा Di jismein Inko पूरी सफलता प्राप्त हुई । चूड़ामणि निंबार्क का आगे भी उद्देश्य आई ई एस बनना है ।

## रीता चतुर्वेदी को डाक्टरेट की मानद उपाधि

**जयपुर।** रीता चतुर्वेदी को केडरब्रुक युनिवर्सिटी यूएसए की ओर से डाक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई है। डा. रीटा एक ज्योतिषाचार्य और कंटेंट क्रिएटर हैं] जो अपने चैनल पर ज्योतिष राशिफल वास्तु और धार्मिक विषयों से जुड़े वीडियो साझा करती हैं। वे राजस्थान सरकार से सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी है। उन्होने ज्योतिष की शिक्षा गुरु भोजराज द्विवेदी जी के संस्थान से प्राप्त की। उन्हीं के संस्थान से ज्योतिष विद्या विशारद वास्तु विशारद व ज्योतिष शास्त्र आचार्य की उपाधि प्राप्त की।

## मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सचिन पायलट ने किया सम्मानित

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के एकता नगर, धावास, हीरापुरा, अजमेर रोड स्थित डी. एन. पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सत्र 2025-26 में मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तथा टोंक विधायक ने मोमेंटो तथा साफा पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में कक्षा दसवीं के विशाल शर्मा 97%, मानसी पटेल 96% तथा लक्की बावरी 95त्न एवं 12वीं साइंस के ऋषित कुमावत 96% रहे। कार्यक्रम में विद्यालय निदेशक बीरबल प्रसाद गुर्जर तथा निहारिका गुर्जर उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब जयपुर स्पार्कल के नए सत्र की प्रथम बोर्ड मीटिंग आयोजित

**जयपुर।** रोटरी क्लब जयपुर स्पार्कल के नए सत्र की प्रथम बोर्ड मीटिंग का आयोजन होटल ग्रैंड सफारी, जयपुर में किया गया। क्लब अध्यक्ष डॉ. राजीव जैन ने बताया कि बैठक में आगामी कार्यक्रमों, सेवा परियोजनाओं एवं क्लब की विभिन्न गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए उनकी रूपरेखा तैयार की गई। सभी बोर्ड सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए तथा नए सत्र को अधिक प्रभावी, सक्रिय एवं सेवा-समर्पित बनाने का संकल्प लिया। बैठक में क्लब के मेंटर कुलदीप सिंह ढिल्लों ने अपने मार्गदर्शन में सेवा कार्यों को और अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाने पर बल दिया। वहीं क्लब सचिव डॉ. अनुराग तोमर ने आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना, विभिन्न समितियों की जिम्मेदारियों तथा संगठनात्मक व्यवस्थाओं की जानकारी साझा की। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

## नाग पंचमी पर पूजा कर छोड़े 31 जोड़े नाग-नागिन के

**जयपुर।** सावन कृष्ण पंचमी पर दिल्ली रोड,बंगाली बाबा गणेश मंदिर परिसर स्थित स्वयं आत्माराम जलेश्वर महादेव मंदिर में नाग पंचमी धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर नागों की पूजा कर दूध,पुआ,पकौडी,पूडी का भोग लगाया। इस दौरान राहु दोष और काल सर्प दोष युक्त कुंडली के जातकों ने विशेष पूजा करवा कर 31 नाग-नागिन के जोडों को टीवी टावर छोडा गया। इस दौरान मंदिर प्रांगण भोले बाबा के जयकारों से गूंजता रहा। आयोजन से जुडे मुख्य यजमान सर्व समाज हिंदू महासभा के संस्थापक चन्द्र प्रकाश भाडेवाला ने बताया कि सबसे पहले स्वयं आत्माराम जलेश्वर महादेव मंदिर में भोले बाबा का जलाभिषेक किया गया। इसके बाद नागों की पूजा की गई। इसके बाद राहु दोष और काल सर्प दोष युक्त कुंडली के जातकों ने विशेष पूजा करवा कर 41 नाग-नागिन के जोडों को टीवी टावर छोडा गया। इस मौके पर नितेश अग्रवाल, नीरज पतंग वाला,दिनेश चालीसा,त्रिलोक अग्रवाल, सुनील विजय, जुगल किशोर बड़े गांव वाले, सुरेश पांचाल, मुरली शर्मा, प्रवीण कुमार, हितेश डोवटीवाल, भजन गायक पवन शारा,ओमप्रकाश शर्मा व ब्रज किशोर अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बिशनगढ़ मोड़ पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज, नगर पालिका ने थड़ी-ठेले संचालकों को थमाए नोटिस

**मनोहरपुर ।** नगर पालिका मनोहरपुर ने सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई शुरू करते हुए बिशनगढ़ मोड़ क्षेत्र में थड़ी एवं ठेले लगाकर रास्ता घेरने वाले लोगों को नोटिस जारी किए हैं। नगर पालिका द्वारा जारी नोटिस में संबंधित संचालकों को दो दिन के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि 6 अगस्त 2026 तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो नगर पालिका स्वयं कार्रवाई करते हुए थड़ी-ठेले एवं सामान को हटाएगी। कार्रवाई के दौरान होने वाले समस्त खर्च और किसी भी प्रकार की क्षति की जिम्मेदारी संबंधित अतिक्रमणकर्ता की होगी। साथ ही नियमानुसार कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## शिविर में बच्चों को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**जयपुर ।** सांगानेरी गेट स्थित श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को सशक्त और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से दो दिवसीय विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, जयपुर की दो महिला मनोहर व बेल्ट मनीष कालिका गश्ती इकाई के माध्यम से आत्मरक्षा तकनीक का प्रदर्शन और प्रशिक्षण दिया गया और बच्चों को आ आत्म रक्षा कैसे करें, इसके गुर सिखाए। स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव कमल नानू वाला ने बताया कि महिला प्रशिक्षकों ने बच्चों को सिखाया कि अचानक होने वाले हमलों या किसी के द्वारा जबरन हाथ या बैग पकड़ने पर खुद को कैसे छुडाएं, पेन, चाबी और स्कूल बैग जैसी रोज़मर्रा की वस्तुओं को सुरक्षा हथियार के रूप में इस्तेमाल करना, हमलावर के पर प्रहार पर खुद को सुरक्षित निकाले , इसकी लाइव डेमोंस्ट्रेशन दी। शिविर के दौरान कक्षा 6 से 12 के स्टूडेंट्स विशेषकर छात्राओं में भारी उत्साह देखने को मिला। महिला प्रशिक्षकों ने हर बच्चे से इन पैंतरेबाडियों (मूव्स) का अभ्यास करवाया ताकि उनका आत्मविश्वास बढ़ सके। इस मौके पर सचिव कमल नानूवाला कहा कि आज के समय में हर बच्चे खासकर बेटियों के लिए आत्मरक्षा के यह गुर सीखना बेहद ज़रूरी है ताकि वे आत्मनिर्भर और निडर बन सकें। अंत में प्राचार्या अभिलाषा शैली ने दोनों महिला प्रशिक्षकों का आभार जताया।

# बच्चों ने किया अर्थ सहित श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, कबड्डी विजेताओं का हुआ सम्मान



**दीपचंद शर्मा, भांकरोटा।** श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति के संस्थापक संत अमरनाथ महाराज के पावन सानिध्य में ई प्लेनेट अकैडमी स्कूल, भांकरोटा में एक प्रेरणादायक एवं संस्कारमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की कबड्डी टीम ने, बैंक द्वारा आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय (2nd) स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों का भव्य समारोह में ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान हर घर में हो अर्थ सहित हनुमान चालीसा अभियान के अंतर्गत बच्चों के साथ सामूहिक रूप से अर्थ सहित श्री हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया । संत अमरनाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में विद्यार्थियों को श्री हनुमान चालीसा के आध्यात्मिक एवं व्यावहारिक महत्व से अवगत कराया गया तथा उन्हें अर्थ सहित श्री हनुमान चालीसा की पुस्तकें भेंट की गईं, ताकि वे केवल पाठ ही नहीं बल्कि उसके गूढ़ अर्थ को भी अपने जीवन में आत्मसात कर सकें ।इस अवसर पर कोच भगवान सहाय चौधरी सहित सभी विजेता खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएँ एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभाशीष प्रदान किया गया । उपस्थित सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को खेल के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम में समिति के संरक्षक रामस्वरूप यादव, विद्यालय के डायरेक्टर मनोज शर्मा, अनुपम शर्मा तथा प्रिंसिपल निर्मला शर्मा उपस्थित रहे । सभी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, निरंतर सफलता एवं सर्वांगीण विकास की मंगलकामनाएँ व्यक्त की । कबड्डी टीम के विजेता खिलाड़ी-अंकित शर्मा (कप्तान), शिवम यादव (उप कप्तान), साहिल शर्मा, रोहित गुर्जर, चेतन चौधरी, लेखराज मीणा, तुषाल शर्मा, विशाल शर्मा, कुलदीप सैनी, पियूष शर्मा, किशन चौधरी एवं अखिल चौधरी रहे।

# सोजत में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**सोजत सिटी /मीठालाल पंवार।** पूर्व मुख्यमंत्री मंगलवार को सोजत पहुंचे, जहां उनके आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर तोरण द्वार सजाकर एवं फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। पूरे शहर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। गहलोत सबसे पहले पाली दरवाजा स्थित पूर्व अध्यक्ष मोहनलाल टांक की फैक्ट्री पहुंचे। यहां महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ऐश्वर्या सांखला, कांग्रेस पार्षद राजकुमार टांक, घनश्याम टांक तथा माली समाज के चौधरियों ने उन्हें पुष्पमालाएं पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस कार्यालय पहुंचे, जहां पहले से बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनके स्वागत के लिए मौजूद थे। गहलोत के पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने अशोक गहलोत जिंदाबाद, कांग्रेस जिंदाबाद तथा अबकी बार फिर गहलोत सरकार के नारों से माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया, जबकि गहलोत ने हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद अशोक गहलोत सोजत रोड स्थित वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पूर्व सरपंच प्रकाश सिंह कच्छवाह के निवास पहुंचे, जहां उन्होंने उनका कुशल-क्षेम जाना और कुछ समय तक मुलाकात की। बाद में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का काफिला सड़क मार्ग से जयपुर के लिए रवाना हो गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिशुपाल सिंह राजपुरोहित, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संपतराज कुमावत नगर अध्यक्ष सत्यनारायण टाक, बालमुकुंद गहलोत, गोविंद दवे, महेंद्र पालरिया, भेराराम डांगी, पुनीत दवे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुरु रविदास महाराज के 650वें जयंती पर पवित्र रज कलश वंदन समारोह की पूर्व संध्या पर भव्य कलश शोभायात्रा





**अतुल्य संसार नेटवर्क**

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के 650वें जयंती वर्ष के उपलक्ष में 5 अगस्त को आयोजित पवित्र रज कलश वंदन समारोह की पूर्व संध्या पर मंगलवार को जयपुर में भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, भाजपा संगठन महामंत्री अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी, प्रदेश महामंत्री और अभियान संयोजक भूपेंद्र सैनी तथा भाजपा प्रदेश महामंत्री कैलाश मेघवाल ने ध्वज दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री एकता अग्रवाल, नारायण मीणा , सीताराम पोसवाल ,भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़, विधायक बाल मुकुंदाचार्य महाराज भी शोभा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम बनी इस यात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु भी शामिल रहे।

समरसता संकल्प अभियान के प्रदेश संयोजक एवं भाजपा महामंत्री भूपेंद्र सैनी ने बताया कि शोभायात्रा विधानसभा के समीप स्थित मंडलेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर एसएमएस स्टेडियम स्थित खेलेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में बैंड-बाजों की मधुर धुन, सुसज्जित बग्गियाँ तथा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही।

सैनी ने कहा कि समरसता संकल्प अभियान का उद्देश्य संत गुरु रविदास महाराज के समता, सद्भाव और मानवता के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। यह आयोजन सामाजिक समरसता, समानता और राष्ट्रीय एकता के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अभियान के माध्यम से समाज में आपसी सद्भाव, सामाजिक समावेश और राष्ट निर्माण की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा।

## नर्सेज का आमरण अनशन सातवें दिन भी जारी, तबीयत बिगड़ने पर दो अनशनकारियों को एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया



**जयपुर।** निविदा नर्सेज की विभिन्न मांगों को लेकर संयुक्त नर्सेज संघर्ष समिति के नेतृत्व में चल रहा आंदोलन आज धरने के 53वें दिन भी जारी रहा। पिछले सात दिनों से आमरण अनशन पर बैठे वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी कृष्ण कुमार यादव और महेश जाट की लगातार बिगड़ती तबीयत के चलते उन्हें सवाई मानसिंह चिकित्सालय, जयपुर में भर्ती कराया गया है। संघर्ष समिति के नेताओं राजेंद्र राना, जे.पी. कस्वां, हरि सिंह भाटी, महिपाल सामोता, गुड्डी सैनी एवं अशोक यादव के नेतृत्व में संविदा नर्सेज के एक प्रतिनिधिमंडल ने चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह से उनके निवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने वित्त विभाग स्तर पर सेवा बहाली के लिए 4,412 नवीन पदों की स्वीकृति पर आभार व्यक्त किया तथा सभी जिलों में सेवा से हटाए गए अनुभवी संविदा नर्सेज एवं लैब टेक्नीशियनों की शीघ्र सेवा बहाली के स्पष्ट निर्देश चिकित्सा शिक्षा आयुक्त स्तर से राज्य के समस्त चिकित्सा महाविद्यालयों के प्राचार्यों को जारी कराने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल के अनुसार, चिकित्सा मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने के लिए कहा तथा शीघ्र सेवा बहाली का भरोसा दिलाया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल चिकित्सा शिक्षा निदेशालय से वापस लौटा। संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक नरेंद्र सिंह शेखावत, राजेंद्र राना, चंद्रकांत शर्मा, पवन मीना, रामवीर सोलंकी, जे.पी. कस्वां, हरि सिंह भाटी, महिपाल सामोता एवं गुड्डी सैनी ने सरकार से मांग की कि संघर्षरत समस्त निविदा नर्सेज और लैब टेक्नीशियनों की सेवा बहाली के स्पष्ट आदेश शीघ्र जारी किए जाएं, ताकि आंदोलन का सकारात्मक समाधान हो सके। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि मांगों के समाधान तक आमरण अनशन एवं आंदोलन जारी रहेगा।

# जेवीएम ने सौंपा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) को विस्तृत सुझाव-पत्र

### ई-रिक्शा की डिजिटल व्यवस्था की सराहना, ऑटो-रिक्शा एवं टैक्सी को भी डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने की मांग



**जयपुर।** जयपुर व्यापार महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) प्रदीप मोहन शर्मा से पुलिस कमिश्नरेट, जयपुर में शिष्टाचार भेंट कर जयपुर शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, आधुनिक, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से एक विस्तृत सुझाव-पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने जयपुर में ई-रिक्शाओं के संचालन को डिजिटल प्लेटफॉर्म, जीपीएस ट्रैकिंग एवं ऑनलाइन मॉनिटरिंग प्रणाली से जोड़ने की अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह व्यवस्था यातायात प्रबंधन में तकनीक आधारित सुधार का उत्कृष्ट उदाहरण है।

महासंघ ने सुझाव दिया कि ई-रिक्शाओं की भांति ऑटो-रिक्शा एवं टैक्सियों को भी डिजिटल प्रणाली, जीपीएस ट्रैकिंग, ऑनलाइन पंजीकरण एवं यूनिक आईडी के माध्यम से जोड़ा जाए, ताकि सभी सार्वजनिक परिवहन वाहनों का संचालन अधिक पारदर्शी, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित हो सके। जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल एवं महामंत्री सुरेश सैनी ने सुझाव-पत्र में परकोटा क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ई-रिक्शा एवं ऑटो-रिक्शा के संचालन हेतु निर्धारित मार्ग, निर्धारित स्टॉप एवं समयबद्ध व्यवस्था लागू करने का सुझाव दिया। साथ ही सड़कों एवं फुटपाथों पर स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमणों के विरुद्ध नियमित अभियान चलाने, अतिक्रमण मुक्त सड़क एवं फुटपाथ सुनिश्चित करने तथा ट्रैफिक पुलिस को यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले अतिक्रमणों के विरुद्ध नियमानुसार त्वरित कार्रवाई के अधिकार प्रदान करने का भी आग्रह किया गया। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए नगर निगम, जयपुर विकास प्राधिकरण एवं पुलिस प्रशासन के मध्य समन्वित कार्यप्रणाली (एसओपी) तैयार करने का सुझाव भी दिया गया।

महासंघ ने प्रमुख बाजारों में पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने, बड़ी चौपड़ स्थित लगभग 1500 वाहनों की भूमिगत पार्किंग को शीघ्र प्रारंभ कराने तथा आवश्यकता वाले क्षेत्रों में नई मल्टी-लेवल पार्किंग विकसित करने की मांग भी रखी, जिससे सड़कों पर अव्यवस्थित पार्किंग समाप्त हो सके और यातायात सुचारु रूप से संचालित हो। सुझाव-पत्र में यह भी कहा गया कि अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात), ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों, ट्रैफिक समन्वय बोर्ड (टीसीपी) एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों की नियमित मासिक बैठक आयोजित की जाए, ताकि स्थानीय समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके तथा प्रशासन एवं व्यापारिक संगठनों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो।

महासंघ ने प्रमुख बाजारों, पर्यटन स्थलों एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में सीसीटीवी, इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस), डिजिटल सिग्नलिंग एवं आधुनिक तकनीकी निगरानी को और अधिक प्रभावी बनाने का सुझाव भी दिया। साथ ही आगामी पर्यटन एवं त्योहारी सीजन को देखते हुए विशेष ट्रैफिक प्लान, अतिरिक्त यातायात पुलिस बल, अस्थायी पार्किंग व्यवस्था, डिजिटल सूचना प्रणाली एवं निर्बाध यातायात संचालन सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इसके अतिरिक्त प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों के लिए विशेष यातायात प्रबंधन योजना, लोडिंग-अनलोडिंग के लिए निर्धारित समय, व्यवस्थित पार्किंग, सार्वजनिक परिवहन की बेहतर व्यवस्था, सुरक्षित फुटपाथ तथा व्यापारियों के लिए डिजिटल शिकायत एवं हेल्प डेस्क जैसी व्यवस्थाओं का भी सुझाव दिया गया, जिससे व्यापार एवं यातायात दोनों का संचालन अधिक सुगमता से हो सके।

बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) प्रदीप मोहन शर्मा ने सुझाव-पत्र का गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया तथा प्रतिनिधिमंडल के साथ सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जयपुर व्यापार महासंघ द्वारा दिए गए सुझाव जनहित एवं शहर की यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में उपयोगी हैं। प्रशासन इन सुझावों का परीक्षण कर सकारात्मक पहल करते हुए उन्हें चरणबद्ध रूप से लागू करने का प्रयास करेगा।

जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने कहा कि महासंघ सदैव व्यापारी हित एवं जनहित के विषयों पर प्रशासन के साथ रचनात्मक सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी जयपुर को देश का सर्वश्रेष्ठ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात वाला शहर बनाने के लिए अपना पूर्ण सहयोग देता रहेगा। इस अवसर पर जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, महामंत्री सुरेश सैनी, राजेंद्र गुप्ता, गजानंद शर्मा, अमित जोशी, पंकज जोशी, कपिल जोशी, नीरज लुहाड़िया, मिन्तर सिंह राजावत, शाहिद गुडेज सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# कश्मीर में टारगेट किलिंग रोकने की तैयारी

**प्रवासी मजदूरों के लिए क्लस्टर बनेंगे, थाने में देनी होगी जानकारी; 4 दिन पहले 2 की हत्या हुई थी**



**श्रीनगर।** कश्मीर के कुलगाम में 4 दिन पहले दो बाहरी मजदूरों की आतंकियों ने हत्या कर दी थी। इस हत्या के बाद जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने नई सुरक्षा रणनीति पर चर्चा तेज कर दी है। कश्मीर घाटी में इस वक्त करीब 4 लाख प्रवासी मजदूर रहते हैं। एलजी मनोज सिन्हा ने इनकी सुरक्षा को लेकर अहम बैठक की है। इसमें कुछ निर्देश तय हुए हैं। प्रशासन से जुड़े सूत्रों ने बताया कि इन निर्देशों में दो बातें सबसे अहम हैं। **पहली**- घाटी में जहां प्रवासी मजदूर बिखरे हैं, असुरक्षित जगहों पर रह रहे हैं, उन्हें एक ही जगह ठहराने के लिए क्लस्टर बनाए जाएं। बाहरी मजदूरों को अलग-अलग नहीं रहने दिया जाएगा **दूसरा**- घाटी आने वाले हर नए मजदूर को पास के पुलिस स्टेशन में जानकारी देनी होगी। जहां नया मजदूर रहेगा, पुलिस उस इलाके का सिक्योरिटी वैरिफिकेशन करेगी। उसके बाद मजदूर को वहां रुकने दिया जाएगा।

### बडगाम और दक्षिण कश्मीर पर मुख्य फोकस

घाटी में सैकड़ों ईंट-भट्ठे हैं, अकेले 199 रजिस्टर्ड भट्ठे। ज्यादातर मध्य कश्मीर के बडगाम और दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग, कुलगाम और पुलवामा में हैं। पुलिस के अनुसार प्रवासियों को व्यक्तिगत सुरक्षा देना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। इसलिए ईंट-भट्ठों और बागानों में काम करने वाले यूपी, बिहार और छत्तीसगढ़ के श्रमिकों को बिखरी हुई झोपड़ियों के बजाय 'नामित सुरक्षित क्लस्टरों' में भेजना शुरु कर दिया है।

### बाहरियों की सुरक्षा चुनौती बनी

2019 में अनुच्छेद 370 हटने के बाद से घाटी में गैर स्थानीय प्रवासियों पर हमले बढ़े हैं। संसदीय आंकड़ों और गृह मंत्रालय के आधिकारिक बयानों के अनुसार इन सात साल में आतंकवादी अब तक करीब 23 प्रवासियों की टारगेट किलिंग कर चुके हैं।

## 7 साल में 274 भगोड़े भारत लाए:सरकार बोली- 36 देशों से प्रत्यर्पण, 17,874 करोड़ की संपत्ति भी अटैच



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि पिछले सात वर्षों में 36 देशों से 274 भगोड़ों को भारत वापस लाया गया है। यह 2004-13 के दौरान हर साल औसतन चार प्रत्यर्पण की तुलना में 10 गुना अधिक है। साथ ही भगोड़ों की 17,874 करोड़ की संपत्ति भी अटैच की गई। सरकार के मुताबिक, 2019 से जुलाई 2026 तक वापस लाए गए 274 भगोड़ों में 9 आर्थिक अपराध, 17 आतंकवाद, 42 संगठित अपराध, 62 हत्या, लूट और हिंसक अपराध, 53 यौन अपराध और बच्चों के खिलाफ यौन अपराध, 16 मादक पदार्थों की स्मगलिंग, 12 नकली करंसी की तस्करी, 18 मानव तस्करी और 45 अन्य मामलों में वांछित थे। सरकार ने बताया कि हाल के वर्षों में इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की संख्या भी बढ़ी है। 2022 में 40, 2023 में 100, 2024 में 107, 2025 में 112 और 2026 में अब तक 182 रेड नोटिस जारी किए जा चुके हैं। पिछले तीन वर्षों में कुल 401 भगोड़े अपराधियों के खिलाफ रेड नोटिस जारी हुए। गृह मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री के मार्गदर्शन में प्रत्यर्पण अनुरोध अब अधिक पेशेवर तरीके से तैयार किए जा रहे हैं। संबंधित देशों की कानूनी अपेक्षाओं के अनुरूप आवश्यक दस्तावेज और लिखित आश्वासन भी दिए जाते हैं। सरकार ने दावा किया कि 2004-13 के दौरान भारत का प्रत्यर्पण ढांचा कमजोर था। उस समय केवल 37 देशों के साथ प्रत्यर्पण संधियां थीं, आर्थिक भगोड़ों से निपटने के लिए अलग कानून नहीं था और कागजी प्रक्रिया के कारण कई मामलों में विदेशी अदालतों ने प्रत्यर्पण अनुरोध खारिज कर दिए।

## एअर इंडिया की फुकेट-दिल्ली फ्लाइट टर्बुलेंस में फंसी, 17 घायल

**पैसेंजर ने बताया- विमान 3 मिनट पलटी खाता रहा, कई लोगों के पैर-कंधे में चोट**

**नई दिल्ली।** थाईलैंड के फुकेट से दिल्ली आ रही एअर इंडिया फ्लाइट I2379 मंगलवार को टर्बुलेंस, यानी तेज हवा के झटकों में फंस गई। अचानक 300 फीट तक नीचे आ गई। हालांकि, पायलट ने स्थिति संभाली और फ्लाइट को दिल्ली एयरपोर्ट पर सुबह 11:07 बजे सुरक्षित उतार लिया। प्लेन में 137 यात्री और 8 क्रू मेंबर्स सवार थे। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि घटना में 13 यात्री और 4 क्रू मेंबर्स समेत 17 लोग घायल हुए हैं। सभी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इनमें से 5 को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। बाकी भर्ती हैं। एयर इंडिया की टीमें अस्पतालों में मौजूद हैं। एअर इंडिया ने पहले बताया था कि सभी यात्री और क्रू सुरक्षित हैं। किसी के गंभीर रूप से घायल होने की खबर नहीं है। फ्लाइट में सवार एक यात्री ने दावा किया कि उड़ान भरने के करीब डेढ़ घंटे बाद तेज झटके लगने लगे। सुबह का समय था और ज्यादातर यात्री सो रहे थे। अचानक विमान जोर से हिलने लगा और 2-3 मिनट तक पलटी खाता रहा।

# सरकार का मेटा ग्लोबल टीम को समन

**यौन शोषण कंटेंट कंट्रोल में चूक का मामला, नेताओं और VIP's अकाउंट्स पर गलत कार्रवाई पर जवाब मांगा**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार और मेटा की ग्लोबल टीम के बीच 5 और 6 अगस्त को एक अहम बैठक होने जा रही है। केंद्र सरकार ने फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा के प्रतिनिधियों को समन भेजकर तलब किया है। केंद्र सरकार इस बैठक में चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज मटीरियल यानी ष्ट्रस्रूपर लगाम लगाने में हुई चूक, फर्जी/सिंथेटिक एआई कंटेंट और बड़े नेताओं के वेरिफाइड अकाउंट्स पर गलत कार्रवाई जैसे संवेदनशील मुद्दों को उठाएगी। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने मेटा द्वारा अब तक दिए गए जवाबों को नाकाफी माना है।



### पीएम मोदी की पोस्ट हटने के बाद बढ़ी सख्ती

यह बैठक हाल ही में फेसबुक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक वीडियो पोस्ट के कुछ समय के लिए हट जाने के विवाद के बाद तय की गई है। इस घटना के बाद सरकार ने मेटा के प्लेटफॉर्म्स की कंटेंट मॉडरेशन नीतियों, ऑटोमेटेड सिस्टम और बिग-टेक कंपनियों की जवाबदेही पर निगरानी सख्त कर दी है। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक मेटा ने पीएम मोदी के वीडियो के हटने पर खेद व्यक्त किया है और वह इसके लिए औपचारिक माफी मांगने को भी तैयार है। दरअसल, पीएम मोदी ने 23 जुलाई को पेपर लीक को गंभीर विषय बताते हुए एक वीडियो जारी किया था। इसे मेटा ने रात 12:30 बजे से सुबह 5:00 बजे तक हटा दिया था। लेकिन बाद में उसे रिस्टोर कर दिया गया। मेटा ने अपनी सफाई में कहा कि दरअसल, यह एक टेक्निकल एरर था।

### इंस्टाग्राम विज्ञापनों में CSAM का मुद्दा भी उठा

मेटा केवल **VIP** पोस्ट हटाने के मामले में ही नहीं, बल्कि सुरक्षा संबंधी अन्य गंभीर मामलों में भी जांच के दायरे में है। इससे पहले इंस्टाग्राम पर पेड एड्स यानी प्रायोजित विज्ञापनों के जरिए चाइल्ड **CSAM** के प्रचार-प्रसार को लेकर सरकार ने मेटा को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। 5-6 अगस्त की बैठक में सरकार यह भी समीक्षा करेगी कि उस नोटिस के बाद कंपनी ने क्या सुधारात्मक कदम उठाए हैं।


### Meta पर यौन शोषण से जुड़ा कंटेंट सस्ता मिल रहा

**BBC** की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इंस्टाग्राम पर चाइल्ड सेक्शुअल एब्यूज मेटेरियल मौजूद हैं। भारत में इंस्टाग्राम पर ऐसे पेड विज्ञापन चल रहे थे, जिनमें रेप वीडियो और चाइल्ड वीडियो जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। इन विज्ञापनों पर क्लिक करने के बाद यूजर्स को टेलीग्राम चैनलों पर भेजा जाता था, जहां कथित तौर पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़ा कंटेंट बेहद कम कीमत 99 रुपए में बेचा जा रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, इंस्टाग्राम पर दिखने वाले सभी विज्ञापन पहले **Meta** के मॉडरेशन सिस्टम से मंजूरी मिलने के बाद ही लाइव होते हैं। **BBC** ने जब ऐसे ही एक विज्ञापन की शिकायत इंस्टाग्राम से की, तो करीब 24 घंटे बाद कंपनी ने जवाब दिया कि यह पोस्ट उसकी कम्यूनिटी गाइडलाइन का उल्लंघन नहीं है। इसके बाद **BBC** ने मेटा से इस मामले पर जवाब मांगा। तब कंपनी ने कहा कि उसने कई विज्ञापनों को हटा दिया है, संबंधित अकाउंट्स को सस्पेंड किया है और उन **RL** को हटा देने का दावा किया। **Meta** ने यह भी माना कि कोई भी मॉडरेशन सिस्टम पूरी तरह परफेक्ट नहीं होता और रिव्यू प्रोसेस हर नियम उल्लंघन की पहचान नहीं कर पाती।

## राहुल गांधी बोले- आरएसएस इतिहास बदलने की कोशिश कर रहा

**इनके पीछे एक खतरनाक विचारधारा है, देश इसे बर्दाश्त नहीं करेगा**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि ऋस्स् देश का इतिहास बदलने की कोशिश कर रहा है। इसके पीछे एक खतरनाक विचार है। भारत अपने इतिहास के कुचले जाने को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा- देश के छात्र दर्द में हैं। उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी की माफी की जरूरत नहीं है, बल्कि वे चाहते हैं कि पीएम अपनी सरकार के कामों के लिए माफी मांगें। राहुल गांधी मंगलवार को पूर्व कांग्रेस सांसद वाइको की किताब वाइको इन पार्लियामेंट के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे।



### छात्रों के पास काम नहीं, परीक्षा में निष्पक्षता चाहते हैं

राहुल ने कहा, हम अजीब दौर से गुजर रहे हैं, जहां छात्र सड़कों पर हैं, उनके पास काम नहीं है और वे परीक्षाओं में निष्पक्षता तथा एक बेहतर शिक्षा प्रणाली की मांग कर रहे हैं। दूसरी तरफ पीएम उन्हें माफ कर रहे हैं। नहीं पता कि पीएम को यह विचार कहां से आता है कि वे उन्हें या भारत के भविष्य को माफ कर सकते हैं।

### हर राज्य के साथ निष्पक्ष व्यवहार हो- राहुल

कुछ ऐसे नासमझ लोग हैं जो तमिल, मराठी और बंगाली लोगों को नहीं समझते और कहते हैं कि इनमें से कोई भी इतिहास या कल्पना काम की नहीं है। संविधान में स्पष्ट लिखा है कि इंडिया, यानी भारत, राज्यों का एक संघ है और राज्य भारत के लोगों की अभिव्यक्ति हैं।

### सैनिक स्कूलों में आरएसएस की दखल बढ़ रही

राहुल गांधी ने मंगलवार को ही रक्षा मामलों की संसदीय स्थायी समिति की बैठक में मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा कि सैनिक स्कूलों में आरएसएस की दखल बेवजह बढ़ रही है। इस पर समिति के चेयरमैन राधा मोहन सिंह ने राहुल से अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज पेश करने को कहा है। चेयरमैन ने स्पष्ट किया कि राहुल जो भी दस्तावेज देंगे, उन्हें स्पष्टीकरण के लिए संबंधित मंत्रालय के पास भेजा जाएगा।

## प्रियांक खड़गे बोले- अनशन करो, लाठी खाओ फिर इस्तीफा दूंगा

**फिर कहा- बयान गलत तरीके से पेश किया गया; भाजपा बोली- परीक्षा में गड़बड़ी का मजाक उड़ाया**

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खरगे ने सोमवार को कहा कि जो लोग उनके इस्तीफे की मांग कर रहे हैं, उन्हें पहले 25 दिन भूख हड़ताल पर बैठना चाहिए और फिर लाठीचार्ज का सामना करना चाहिए। दरअसल, विजयपुरा में एक एग्जाम सेंटर पर पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के दौरान ओएमआर शीट के सीरियल नंबर प्रश्न पत्र से मेल नहीं खा रहे थे। इसके बाद कई छात्र परीक्षा केंद्र से बाहर निकल आए और दोबारा परीक्षा कराने की मांग करने लगे। खरगे ने इस मामले पर मीडिया से बात करते हुए यह बयान दिया। भाजपा ने कांग्रेस नेता पर पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी का विरोध कर रहे छात्रों का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया है। कर्नाटक परीक्षा प्राधिकरण ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि ओएमआर शीट और प्रश्न पत्र के नंबरों का मेल खाना जरूरी नहीं है। केईए के अनुसार, सोशल मीडिया पर फैली गलत जानकारी के कारण छात्र भ्रमित हुए। केवल प्रश्न पत्र सीरीज और वर्जन कोड का ओएमआर शीट पर भरा जाना अनिवार्य है। यह परीक्षा भर में 1,453 सिविल पुलिस कांस्टेबल पदों को भरने के लिए आयोजित की गई थी।

# बिहार-बंगाल में बिजली गिरने से 11 मौतें

**बद्रीनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड, 200 यात्री फंसे; हरियाणा के अंबाला-झज्जर में सड़कें तालाब बनीं, दुकानों में पानी घुसा**

**नई दिल्ली।** देशभर में बारिश से आम लोगों का जीवन भी प्रभावित है। बिहार और पश्चिम बंगाल में सोमवार को बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत हो गई। 14 लोग घायल हुए हैं। मरने वालों में बिहार के अलग-अलग जिलों के 7 और बंगाल के हावड़ा के 4 लोग शामिल हैं। उत्तराखंड के चमोली में बद्रीनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड हुई। सड़क पर पहाड़ी से मलबा और बोल्डर गिरने से यातायात बाधित हो गया। इसके कारण करीब 200 यात्री फंस गए हैं, जो सोमवार रात 9 बजे से रास्ता खुलने का इंतजार कर रहे हैं। इधर, हरियाणा के अंबाला और झज्जर में रात भर बारिश हुई। इससे सड़कें तालाब बन गईं। दुकानों में पानी घुस गया। केरल में 1 अगस्त से हो रही भारी बारिश के कारण 25 लोगों की मौत हो गई है, 4 लापता हैं। 18 हजार से ज्यादा लोगों को राहत शिविरों में शरण लेनी पडी है। उत्तर प्रदेश के आगरा में रात 1 बजे से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। कई इलाकों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया है। स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। बाराबंकी में दो घंटे की तेज बारिश से बस स्टेशन पर पानी भर गया।






### हर की पौड़ी में तीन कांवड़िए बहे, रेस्क्यू टीम ने बचाया

उत्तराखंड के हरिद्वार में हर की पौड़ी में गंगा जल भरते समय तीन कांवड़िए नदी की धारा में बहने लगे थे, जिसके बाद रेस्क्यू टीम ने तत्काल अभियान चलाकर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया। अमस के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने मंगलवार को असम के बाढ़ग्रस्त जिले शिवसागर का दौरान किया। बीते हफ्ते शिवसागर भयानक बाढ़ की चपेट में आ गया था। बाढ़ का पानी उतर चुका है, लेकिन हालात अब भी खराब हैं।

### यूपी में जोरदार बारिश, मथुरा में बाइक-स्कूटी डूबी

यूपी में मानसून फिर से सक्रिय हो गया है। मंगलवार सुबह से लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी-मथुरा समेत 50 शहरों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। बाकी जिलों में बादल छाए हैं। मथुरा में भारी बारिश की वजह से अंडरपास में 4 फीट तक पानी भर गया। कई स्कूटी और बाइक डूब गईं। लोग कमर तक पानी में चलते दिखाई दिए।

# कांग्रेस में फिर उभरी अंदरूनी खींचतान!

## डोटासरा का 'व्यक्तिवाद' पर हमला, गहलोत खेमे को माना जा रहा इशारा

**जयपुर।** राजस्थान कांग्रेस में एक बार फिर अंदरूनी मतभेद सतह पर आते दिखाई दिए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पार्टी में व्यक्तिवाद (Individualism) को चुनावी हार का कारण बताते हुए ऐसा बयान दिया, जिसे राजनीतिक हलकों में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर अप्रत्यक्ष निशाने के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि उन्होंने किसी नेता का नाम नहीं लिया। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया, जब वरिष्ठ आदिवासी नेता महेंद्रजीत सिंह मालवीय अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में वापसी के बाद सबसे पहले अशोक गहलोत के जयपुर स्थित आवास पहुंचे। इसके कुछ घंटे बाद प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डोटासरा ने कहा कि पार्टी किसी एक व्यक्ति से बड़ी है और नेताओं को अपनी व्यक्तिगत छवि के बजाय संगठन को प्राथमिकता देनी चाहिए। डोटासरा ने कहा कि यदि कोई अपनी ब्रांडिंग करना चाहता है तो करता रहे, मैं केवल कांग्रेस के लिए काम करता हूं। मेरी निष्ठा पार्टी के प्रति है, किसी व्यक्ति विशेष की ब्रांडिंग के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को व्यक्तिवाद की राजनीति का नुकसान उठाना पड़ा है, इसलिए पार्टी को संगठन सर्वोपरि रखने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि कांग्रेस एक कार्यकाल सत्ता में रहने के बाद अगला चुनाव हार जाती है और इसके कारणों पर आत्ममंथन जरूरी है। साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान में सचिन पायलट, अशोक गहलोत और महेंद्रजीत मालवीय सहित सभी नेता एकजुट हैं और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए साथ काम करेंगे। डोटासरा ने महेंद्रजीत सिंह मालवीय पर भी हल्का राजनीतिक कटाक्ष करते हुए कहा कि जो नेता कांग्रेस छोड़कर जाते हैं, उन्हें राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि मालवीय ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए कांग्रेस में वापसी की है और पार्टी उनका स्वागत करती है, लेकिन यदि कोई कांग्रेस विरोधी गतिविधियों में शामिल होगा तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। वहीं, अशोक गहलोत ने इस पूरे घटनाक्रम पर कोई प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। बाद में डोटासरा ने विवाद को शांत करने का प्रयास करते हुए कहा कि गहलोत आवास पर हुआ कार्यक्रम केवल स्वागत समारोह था। चाहे स्वागत किसी भी नेता के घर हो, महत्वपूर्ण यह है कि लोग कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं।



राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आगामी विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनावों से पहले कांग्रेस संगठन में नेतृत्व, संगठनात्मक भूमिका और व्यक्तिगत प्रभाव को लेकर चल रही अंदरूनी खींचतान एक बार फिर सार्वजनिक होती दिखाई दे रही है। हालांकि पार्टी नेतृत्व फिलहाल इसे एकजुटता का संदेश देने की कोशिश कर रहा है।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले पर प्रदर्शन

## राज्यसभा में खड़गे बोले- ईडी और सीबीआई कहां हैं, रिजिजू ने कहा- विपक्ष घड़ियाली आंसू बहा रहा

**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र के 12वें दिन राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले को लेकर दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा की कार्यवाही महज 3 मिनट चलने के बाद दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। राज्यसभा की कार्यवाही करीब आधे घंटे हंगामे के बाद 12 बजे तक स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के बीच बहस हुई। खड़गे ने कहा- राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन केंद्र सरकार ने किया था। ट्रस्ट को 70 एकड़ से ज्यादा जमीन सौंपी। पीएम खुद राम मंदिर से जुड़े हर आयोजन में शामिल हुए। अब ED, CBI और अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियां कहां हैं।सरकार को सदन में इसका जवाब देना चाहिए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सालों तक भगवान राम और राम मंदिर का विरोध करती रही हैं। राम मंदिर बनने पर काली पट्टी बांधकर विरोध किया था। आज वही लोग घड़ियाली आंसू बहाकर देश को गुमराह नहीं कर सकते। पहले भगवान राम का अपमान करने के लिए देश से माफी मांगिए, उसके बाद सरकार से जवाब मांगिए।






### राज्यसभा में राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले पर विपक्ष की नारेबाजी

राज्यसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई। विपक्ष ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर नारेबाजी की। विपक्ष ने सरकार से इस मामले पर जवाब और चर्चा की मांग की।

### लोकसभा की कार्यवाही 3 मिनट चली, दोपहर 2 बजे तक स्थगित

लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई, लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण महज 3 मिनट चल सकी। इसके बाद स्पीकर ओम बिड़ला ने सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### प्रियंका बोलीं- बीजेपी से जनता ऊब चुकी है, उपचुनाव नतीजे इसकी शुरुआत

बिहार और मध्य प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की हार पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि अब साफ है कि जनता भाजपा से ऊब चुकी है। लोग समझ रहे हैं कि देश में क्या हो रहा है। मुझे लगता है कि यह सिर्फ शुरुआत है।

### खड़गे बोले- सरकार चंदा चोरी पर जवाब दे, रिजिजू ने कहा- विपक्ष घड़ियाली आंसू बहा रहा

राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर कैश, चढ़ावा, गहने और जमीन से जुड़े गंभीर आरोप सामने आए हैं। इस ट्रस्ट का गठन केंद्र सरकार ने किया था। संसद में इसकी घोषणा खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। खड़गे ने कहा- पीएम ने ट्रस्ट को 70 एकड़ से ज्यादा जमीन सौंपी और वे राम मंदिर के हर महत्वपूर्ण आयोजन में शामिल होते रहे हैं। खड़गे ने सवाल किया कि **ED, CBI** और अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियां इस मामले में क्या कर रही हैं। सरकार को सदन में इसका जवाब देना चाहिए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष पर पलटवार किया। उन्होंने कहा- कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सालों तक भगवान राम और राम मंदिर का विरोध करती रही हैं। राम मंदिर बनने पर काली पट्टी बांधकर विरोध किया था। आज वही लोग चंदा चोरी का नाटक कर रहे हैं। रिजिजू ने कहा- राम विरोधी लोग घड़ियाली आंसू बहाकर देश को गुमराह नहीं कर सकते। पहले भगवान राम का अपमान करने के लिए देश से माफी मांगिए, उसके बाद सरकार से जवाब मांगिए।

### हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित

राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मामले पर विपक्ष की नारेबाजी और हंगामे के चलते राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई। विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार से जवाब और चर्चा की मांग कर रहा है।

# रिपोर्ट- ईरानी सुप्रीम लीडर ने राष्ट्रपति पजशकियान को चेताया

### सेना के हिसाब से चलेगी सरकार; सुरक्षा मुद्दों पर कमांडर वाहिदी को आखिरी फैसले का अधिकार




**नई दिल्ली।** ईरान में राष्ट्रपति मसूद पजशकियान और टॉप लीडरशिप के बीच मतभेद की खबरें सामने आई हैं। इजराइली चैनल-14 की रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने राष्ट्रपति से साफ कह दिया है कि सरकार अब सेना के हिसाब से चलेगी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा, अमेरिका से बातचीत और परमाणु कार्यक्रम जैसे अहम मामलों में अब IRGC कमांडर अहमद वाहिदी का फैसला अंतिम माना जाएगा। यानी इन मुद्दों पर राष्ट्रपति की भूमिका पहले से काफी सीमित हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, पजशकियान पहले भी कई बार इस्तीफा देने की पेशकश कर चुके हैं। उनका कहना था कि उनकी सरकार को बड़े फैसलों से दूर रखा जा रहा है। अब खामेनेई ने कथित तौर पर साफ कर दिया है कि सरकार की नीति सेना की रणनीति के मुताबिक ही चलेगी।

### अमेरिका-ईरान वार्ता की तारीख और जगह अब तक तय नहीं

अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित बातचीत को लेकर अभी तक तारीख और स्थान तय नहीं हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान और कतर संभावित मेजबान देशों के तौर पर चर्चा में हैं और दोनों देश मध्यस्थता की कोशिश कर रहे हैं।

### ईरान की नई रणनीति- जंग नहीं, अमेरिका पर दबाव बढ़ाना

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान अब सीधी सैन्य जीत के बजाय समुद्री व्यापार, तेल आपूर्ति और अहम शिपिंग रूट्स पर दबाव बनाकर अमेरिका और उसके सहयोगियों की लागत बढ़ाने की रणनीति अपना रहा है।

### ईरान का दावा- होर्मुज के ऊपर उड़ रहा रीपर ड्रोन मार गिराया

**IRGC** ने दावा किया कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के ऊपर उड़ रहे एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को एयर डिफेंस सिस्टम से मार गिराया। हालांकि, यह नहीं बताया गया कि ड्रोन किस देश का था।

### अमेरिका ईरान पर दबाव बढ़ाने के नए विकल्प तलाश रहा

**CNN** की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने अपने सैन्य विश्लेषकों से ईरान पर दबाव बढ़ाने और उसे सजा देने के लिए नए सुझाव मांगे हैं। अधिकारियों ने इसे असामान्य कदम बताया है।

# ई-20 पेट्रोल के खिलाफ केजरीवाल का पीएम आवास तक मार्च

## दिल्ली पुलिस बोली- परमिशन नहीं; पूर्व सीएम का आरोप- सरकार ट्रम्प के दबाव में है

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल आज पीएम आवास तक मार्च करेंगे। केजरीवाल ने सोमवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह घोषणा की थी कि वे 4 अगस्त को दोपहर 12 बजे पीएम आवास तक जाएंगे। दिल्ली के पूर्व सीएम यह प्रदर्शन ई-20 पेट्रोल के खिलाफ कर रहे हैं। इस दौरान वे अपने साथ 100 लोगों को लेकर जाएंगे और जनहित याचिकाएं सौंपेंगे। केजरीवाल का आरोप है कि भारत ने अमेरिका से इथेनॉल खरीदने के लिए ट्रम्प के सामने घुटने टेक दिए हैं। सरकार दबाव में आकर ई-20 फ्यूल को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने दावा किया कि सरकार का ई-20 पर लगातार जोर देना किसी छिपे हुए एजेंडे की ओर इशारा करता है। लोग की गाड़ियों में कई तरह की परेशानियां हो रही हैं। हालांकि दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने कहा है कि केजरीवाल को मार्च की इजाजत नहीं दी जाएगी। और किसी भी जुलूस को रोकने के लिए सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं।




### पीएम को सौंपेंगे 2 लाख लोगों के हस्ताक्षर

केजरीवाल ने बताया कि उन्होंने पिछले महीने प्रधानमंत्री को लेटर लिखा था। जिसमें ई-20 पेट्रोल से जुड़ी चिंताओं पर चर्चा के लिए समय मांगा था। केजरीवाल का दावा है कि उन्हें इस चिट्ठी का कोई जवाब नहीं मिला। इसलिए अब वे खुद पीएम आवास जाकर जनता की साइन की हुई याचिकाएं सौंपेंगे। आम आदमी पार्टी संयोजन ने यह मांग भी रखी है कि पेट्रोल पंपों पर शुद्ध पेट्रोल और ई-20 दोनों के ऑप्शन मिलने चाहिए। ई-20 पेट्रोल की कीमतों में कटौती की जाए।

### बीजेपी बोली- केजरीवाल अराजकता की राजनीति कर रहे

दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने केजरीवाल के मार्च के ऐलान पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस और केजरीवाल के बीच देश का नंबर 1 अराजकतावादी बनने की होड़ का हिस्सा है।

मल्होत्रा ने आरोप लगाया कि जब से कांग्रेस ने पीएम आवास पर प्रदर्शन किया है, केजरीवाल खुद को पीछे महसूस कर रहे हैं। बिना परमिशन धरना-प्रदर्शन करना और फिर विक्टिम कार्ड खेलना केजरीवाल की पुरानी राजनीतिक शैली है। उन्होंने दावा किया कि जब पुलिस उन्हें बिना अनुमति के पीएम आवास में घुसने से रोकेगी, तो केजरीवाल फिर से यही कहेंगे कि सरकार ने उनसे बात करने से इनकार कर दिया।

# तमिलनाडु के नेता विपक्ष उदयनिधि स्टालिन पर केस

## हिरासत में लिए गए, एक्ट्रेस तृषा पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप

**चेन्नई।** तमिलनाडु के नेता प्रतिपक्ष और डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ अभिनेत्री तृषा पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर मामला दर्ज किया गया है। मंगलवार को पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। पुलिस ने छह धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं, गिरफ्तारी से बचने के लिए उदयनिधि ने मद्रास हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की है। सोमवार को तंजावुर में कावेरी जल विवाद पर आयोजित रैली में उदयनिधि मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय पर निशाना साध रहे थे। इसी दौरान भीड़ से तृषा, तृषा के नारे लगे। आरोप है कि इस पर उन्होंने कहा, पानी कहीं और पहुंचे या न पहुंचे, वहां जरूर पहुंचना चाहिए। बाद में उन्होंने सफाई दी कि उनका इशारा कावेरी के पानी की ओर था।




### कई पार्टियों ने भी आलोचना की थी

टीवीके विधायक रेवंत चरण ने कहा कि इससे डीएमके की राजनीतिक संस्कृति और सोच उजागर होती है। टीवीके नेता आधव अर्जुन ने उदयनिधि को अश्लील निधि बताते हुए कहा कि उन्होंने राजनीतिक संवाद का स्तर गिराया है। तमिलनाडु भाजपा के मुख्य प्रवक्ता नारायणन तिरुपति ने टिप्पणी को अश्लील और शर्मनाक बताते हुए उदयनिधि की गिरफ्तारी की मांग की। भाजपा नेता खुशबू सुंदर ने कहा कि उन्हें अभिनेत्री तृषा से बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए।

### DMK की सफाई- उदयनिधि ने किसी का नाम नहीं लिया

डीएमके सांसद टी.आर. बालू ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उदयनिधि ने किसी महिला का नाम नहीं लिया और पूरा विवाद झूठा है। वहीं, पूर्व मंत्री टी. मनो थंगराज ने इसे राजनीतिक साजिश बताते हुए कहा कि कावेरी मुद्दे और डेल्टा क्षेत्र के किसानों की समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए इस विवाद को हवा दी जा रही है।

### तृषा और विजय के रिश्ते की चर्चाएं


तृषा कृष्णन और विजय पिछले दो दशक से तमिल फिल्म इंडस्ट्री के सबसे चर्चित ऑन-स्क्रीन जोड़ों में रहे हैं। दोनों ने घिल्ली, थिरुपाची, आथि, कुरुवी और लिय जैसी कई फिल्मों में साथ काम किया है। पिछले कुछ सालों से दोनों के रिश्ते को लेकर लगातार चर्चाएं होती रही हैं। तिरुमाला मंदिर में साथ दिखने और निजी मुलाकातों की खबरों के बाद इन अटकलों ने और जोर पकड़ा। हालांकि, विजय और तृषा दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते को सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं किया है।

### उदयनिधि स्टालिन के पिछले विवादित बयान

2 सितंबर 2023- सनातन धर्म की तुलना डेंगू-मलेरिया से की उदयनिधि ने कहा था कि सनातन धर्म डेंगू, मलेरिया, मच्छर और कोरोना की तरह है, जिसका सिर्फ विरोध नहीं, बल्कि उसे खत्म करना जरूरी है। इस बयान पर देशभर में विवाद हुआ। तमिलनाडु विधानसभा में उन्होंने कहा कि सनातन लोगों को बांटता है, इसलिए इसे खत्म किया जाना चाहिए। बयान के बाद विपक्ष ने इसे हिंदू धर्म के खिलाफ बताया।

# डाबर के 100% शुद्ध दावे वाले प्रोडक्ट पर रोक

### FSSAI ने शहद-घी समेत कई सामान बेचना बैन किया; 15 दिन में रिपोर्ट मांगी




**नई दिल्ली।** डॉबर के कई प्रोडक्ट की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इनमें शहद और गाय का घी भी शामिल है। ये प्रोडक्ट 100% शुद्धता के दावे के साथ बेचे जा रहे थे। यह रोक खाने-पीने के सामानों के मानक तय करने वाली सरकारी संस्था FSSAI ने लगाई है। फूड सेफ्टी एंड स्टेंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इन दावों को गुमराह करने वाला बताया है। इस पर डाबर से 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट मांगी है। सोमवार 3 अगस्त को FSSAI ने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी दी है। FSSAI के अनुसार, कंपनी की वेबसाइट पर बेचे जा रहे खाद्य पदार्थों पर भ्रामक दावे पाए गए थे। इनमें 100% नेचुरल, 100% प्योर, 100% प्योरिटी गारंटेड, 100% ऑर्गनिक और 100% टेंडर कोकोनट वॉटर जैसे लेबल शामिल थे। FSSAI का कहना है कि 100 प्रतिशत दावों का यह उपयोग FSS विनियम, 2018 का उल्लंघन करता है। ये दावे अस्पष्ट, असत्यापित और उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाले हैं।

### नियमों के अन्य बड़े उल्लंघन

**जैविक भारत लोगो:** डाबर हिमालयन ऑर्गनिक एप्पल साइडर विनेगर और डाबर ऑर्गनिक हनी पर बिना किसी वैध FSSAI ऑर्गनिक एंडोर्समेंट के जैविक भारत लोगो पाया गया।

**कंपाउंड फूड्स पर गलत दावा:** डाबर होममेड कोकोनट मिल्क को 100% Purity के दावे के साथ बेचा जा रहा था। FSS नियम, 2018 के तहत कंपाउंड फूड्स (मिश्रित खाद्य पदार्थों) के लिए ऐसा दावा करने की अनुमति बिल्कुल नहीं है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।